मैया रानी है साथ मेरे

मैया रानी है साथ मेरे,
फिर क्यों घबराए मन मेरा,
जब हाथ मैया का...
जब हाथ मैया का है सर पे,
फिर क्यों घबराए मन मेरा,
मैया रानी है साथ मेरे,
फिर क्यों घबराए मन मेरा।

अंग संग मेरे जब तू है तो,
फिर क्यों कोई चिन्ता हो मुझको,
हर सुख अपना, हर दुख अपना,
सब सौंप दिया मैया तुझको,
बिन बतलाए तू...
बिन बतलाए तू बात सुने,
फिर क्यों घबराए मन मेरा,
मैया रानी है साथ मेरे,
फिर क्यों घबराए मन मेरा।

तू आशा है इस जीवन की,
तू रौनक़ है घर आँगन की,
बिन तेरे क्या है पास मेरे,
तू पूँजी है इस निर्धन की,
सब सुख-सुविधायें...
सब सुख-सुविधायें हैं तुझसे,
फिर क्यों घबराए मन मेरा,
मैया रानी है साथ मेरे,
फिर क्यों घबराए मन मेरा।

पल-पल मैं धन्यवाद करूँ,
हरदम तेरा ही नाम जपूँ,
ख़ुद को मैं भूल भले जाऊँ,
इक पल भी न तुझको बिसरूँ,
बच्चों पे सदा तू...
'साहिल' पे सदा तू मेहर करे,
फिर क्यों घबराए मन मेरा,
मैया रानी है साथ मेरे,
फिर क्यों घबराए मन मेरा,
जब हाथ मैया का है सर पे,
फिर क्यों घबराए मन मेरा
मैया रानी है साथ मेरे,
फिर क्यों घबराए मन मेरा........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24108/title/mayia-rani-hai-saath-mere

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |